>

Title: Regarding improvement of rail services in Jhunjhunu Parliamentary Constituency, Rajasthan-laid.

श्री नरेन्द्र कुमार (झुन्झुनू): राजस्थान राज्य की शेखावाटी क्षेत्र में जिला झुंझुनू आता है । सैनिक बाहुल्य क्षेत्र होने के साथ-साथ शिक्षा की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण जिला है । साथ ही व्यापारी एवं पर्यटन की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण जिला है । जिले में सैनिक एक्सप्रेस 14021/14022 जो कि दिल्ली से रिगस के लिए वर्तमान में बुधवार, शुक्रवार व रविवार को तीन दिवस चलती है । अतः उक्त ट्रेन को प्रतिदिन चलाने की व्यवस्था करे साथ ही झुंझुनू से बिसाऊ रेलवे ट्रैक का सर्वे करवाने की व्यवस्था की जाए । लूहारू से जयपुर के लिए मीटरगेज के समय प्रतिदिन ट्रेन का संचालन होता था लेकिन अब बी0जी0 कन्वर्जन के बाद लुहारू की तरफ से अब केवल एक ही ट्रेन का संचालन हो रहा है ।

अतः लुहारू की तरफ से व सीकर की तरफ से दिन के समय भी ट्रेनों का संचालन बढ़ाने का श्रम करावें । झुंझुनू जिले के स्लायू कलां तहसील सूरजगढ़ में लुहारू सूरजगढ़ के मध्य रेलवे लाइन मार्ग पर अंडरपास बनवाने का श्रम करावें ।